दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 45 मुरादाबाद, 04 June 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज पेपर डिजाइन कराये कम दाम में


# बालेश्वर में रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म, अबतक 280 लोगों की मौत, प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटनास्थल का लिया जायजा

बालेश्वर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया। उनके साथ दो केंद्रीय मंत्री- धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। इसके बाद वे बालेश्वर सदर अस्पताल एवं कटक एससीबी मेडिकल कालेज का भी दौरा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी शनिवार की सुबह दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे, ह्रष्ठक्रस्न, स्ठक्रस्न की टीम बचाव कार्य में जुटी है। फिलहाल, हमारा ध्यान बचाव कार्य पर है। राहत और बचाव कार्य खत्म होने के बाद ही बहाली का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पहले से ही बहाली के लिए मशीनें तैनात हैं। बेंगलुरु से हावड़ा जा रही एक्सप्रेस के साथ कोरोमंडल एक्सप्रेस की टक्कर हुई। खड़गपुर डीआरएम ने इसकी पुष्टि की है। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस बेपटरी हुई थी, जिससे बेंगलुरु हावड़ा एक्सप्रेस की टक्कर हुई। इस दुर्घटना में दोनों ट्रेन के 12 कोच बेपटरी हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। ओडिशा के बालेश्वर जिले में दर्दनाक रेल हादसा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, बाहानगा स्टेशन के निकट शुक्रवार शाम करीब सात बजकर 20 मिनट पर हावड़ा-शालीमार एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे 261 लोगों की मौत हो गई।ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841-अप) शुक्रवार शाम को बालेश्वर जिला अंतर्गत बाहानगा स्टेशन से दो किमी दूर पनपना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, ओडिशा में तीन ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हो गई हैं। इस हादसे में 261 लोगों की मौत हो गई। फिलहाल, राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बेंगलुरु से हावड़ा जा रही एक्सप्रेस के साथ कोरोमंडल एक्सप्रेस की टक्कर हुई। खड़गपुर डीआरएम ने इसकी पुष्टि की है। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस बेपटरी हुई थी, जिससे बेंगलुरु हावड़ा एक्सप्रेस की टक्कर हुई। इस दुर्घटना में दोनों ट्रेन के 12 कोच बेपटरी हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। ओडिशा में शुक्रवार शाम हुए भीषण रेल हादसे में मृतकों का आंकड़ा 261 हो गया है। वहीं 850 के करीब लोग घायल हैं। इस घटना के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओडिशा जाएंगे। इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी घटनास्थल पर पहुंचे थे और हालात का जायजा लिया था। हादसे की गंभीरता को देखते हुए युद्धस्तर पर बचाव और राहत कार्य चल रहे हैं और सेना को भी बचाव कार्यों में लगा दिया गया है। हादसे को लेकर पीएम मोदी ने बैठक भी बुलाई है। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल का कहना है कि हम हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस चुनौती को स्वीकार किया है। पीएम, सीएम हमारी पूरी टीम इस चुनौती का सामना करेगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता बीएस हुड्डा का कहना है कि सरकार को मृतक के परिजनों और घायलों को मुआवजा देना चाहिए। इसके अलावा हादसे के कारणों की तलाश के लिए एक जांच टीम का गठन भी किया जाना चाहिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिए निर्देश- कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री मल्लिकार्जुन खरगे ने बालासोर ट्रेन हादसे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पूरे कांग्रेस संगठन को निर्देश दिए हैं कि जितनी मदद संभव हो, उतनी मदद वहां की जाए। पीएम मोदी और रेल मंत्री से पूछने के लिए हमारे पास काफी सवाल हैं। लेकिन उससे पहले हमें घायलों को मदद और राहत पहुंचानी है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने ओडिशा हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में कई लोगों की जान गई और कई लोग घायल हुए हैं। ये बहुत ही दुखद घटना है, सरकार को इस घटना की गहराई से जांच करनी चाहिए। जिसकी भी लपरवाही है उसको सजा दिया जाना चाहिए।





## बॉलीवुड की हस्तियों ने ट्वीट कर पीड़ितों के लिए संवेदना व्यक्त की

अभिनेता सलमान खान, अक्षय कुमार, जूनियर एनटीआर और अभिनेत्री करीना कपूर सहित कई हस्तियों ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण ट्रेन हादसे पर शनिवार को दुख व्यक्त किया।जहां सलमान ने ट्वीट किया, दुर्घटना के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें और घायलों एवं उनके परिवारों को शक्ति प्रदान करें।卐 वहीं, अभिनेता अक्षय कुमार ने दुर्घटनास्थल के दृश्य को हृदयविदारक करार देते हुए लिखा, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। जूनियर एनटीआर ने लिखा, 卐इस भीषण घटना से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। इस कठिन समय में ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करें।卐 इस हादसे के बाद अभिनेता चिरंजीवी ने अपने प्रशंसकों और आम जनता से लोगों की मदद के लिए आगे आने तथा रक्त दान करने की अपील की। उन्होंने ट्वीट किया, 卐ओडिशा में हुई दुखद घटना से मैं स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।'' 



चिरंजीवी ने लिखा, मुझे लगता है कि इस समय घायलों की जान बचाने के लिए रक्त की तत्काल जरूरत होगी। मैं आसपास के इलाकों में अपने सभी प्रशंसकों और आम लोगों से रक्त दान करने के की अपील करता हूं।卐

## दिमीर पुतिन ने ट्रेन दुर्घटना पर जताया शोक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ओडिशा में हुई घातक ट्रेन दुर्घटना पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक संदेश में अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत में रूसी दूतावास उन्होंने अपने संदेश में लिखा- 卐इस दुखद दुर्घटना में जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।卐 पुतिन के अलावा जापान, ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## केंद्र सरकार पर भड़कीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी ओडिशा रेल हादसे को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा रेल हादसा है। ऐसा ही हादसा 1981 में भी हुआ था। इस ट्रेन में एंटी कोलिशन डिवाइस नहीं था, अगर वह होता तो यह हादसा नहीं होता। हमारे राज्य के जिन लोगों की इस हादसे में मृत्यु हो गई उनके परिजनों को हम 5-5 लाख रुपए देंगे। हम राहत और बचाव कार्य में राज्य सरकार और रेलवे का पूरा सहयोग करेंगे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने बालासोर रेल दुर्घटना में मरने वाले राज्य के लोगों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 1 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों के लिए 50,000 रुपये की घोषणा की है।

## कांग्रेस ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने रेल दुर्घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बहुत लोगों की इस दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे ने सभी को रूला दिया...कहा जाता है कि हम ट्रेन में कवच लगा रहे हैं, इससे सारे हादसे रुक जाएंगे। कहां है कवच? तीन ट्रेन टकरा गई, कहां है कवच?

## समाप्त हुआ रेस्क्यू अभियान

बालासोर ट्रेन हादसे में बचाव कार्य समाप्त हो गया है। मौके पर बहाली का कार्य जारी है। ताजा जानकारी के अनुसार, हादसे में मरने वालों की संख्या 261 हो गई है।

दोपहर 3.20 बजे चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल के हावड़ा जंक्शन से रवाना होती है। शाम 6.30 बजे ट्रेन ओडिशा के बालासोर रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है, जहां यह पांच मिनट रुकती है। शाम 6.55 बजे यह ट्रेन बालासोर जिले में बहनागा बाजार स्टेशन के पास पहुंची। उस वक्त उसकी टक्कर मालगाड़ी से हुई। शाम 7 बजे बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस पटरी से उतरे कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बों से टकरा गई।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा- घटना का जिम्मेदार कौन?

इस भयानक घटना में सैकड़ों लोगों की मृत्यु हुई और सौकड़ों लोग घायल हुए। ये देखकर मुझे गहरा दुख हुआ है। इस हादसे में जो लोग घायल हुए हैं, उनकी कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता मदद कर रहे हैं। इस घड़ी में हम सभी को एक होकर लोगों की मदद करनी चाहिए। कर्नाटक सरकार भी इसमें लोगों की मदद कर रही है। मैं दिवंगत लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे प्रधानमंत्री और रेलवे मंत्री से ये सवाल पूछना है कि इस घटना का जिम्मेदार कौन है?

## सभी सांसद अपनी तनख्वाह का एक हिस्सा करें दान, वरुण गांधी की ओडिशा रेल हादसे के पीड़ितों के लिए अपील

उड़ीशा के बालेश्वर में हुए भीषण रेल हादसे में 261 लोगों की मौत हो गई है। हादसे को लेकर भाजपा सांसद वरुण गांधी ने साथी सांसदों से खास अपील करते हुए अपनी तनख्वाह का एक हिस्सा दान करने को कहा है।



भीषण रेल हादसे में अब तक 261 के बाद पीएम मोदी भी दुर्घटना भाजपा सांसद वरुण गांधी ने भी हुए इसे ह्दय विदारक बताया है। साथी सांसदों से एक बड़ी अपील उड़ीशा के बालेश्वर में हुए लोगों की मौत हो गई है। हादसे स्थल पहुंच गए हैं। इस बीच रेल दुर्घटना पर शोक जताते वरुण ने इसी के साथ अपने भी की है। जो परिवार इस हादसे से टूटे हैं हमें उनके साथ चट्टान की तरह खड़ा होना होगा। मेरा सभी साथी सांसदों से निवेदन है कि हम सभी अपनी तनख्वाह का एक हिस्सा शोक संतप्त परिजनों के नाम कर उनकी मदद के लिए आगे आयें। पहले उन्हें सहारा मिले, फिर न्याय।

## संपादकीय Editorial

# Caution in 'friendship'

The relationship between India and Nepal is historical, cultural and spiritual, so the relationship between bread and daughter is natural. Nepal was a part of ancient 'Akhand Bharat', but now Nepalese politicians and common citizens are also irritated by this 'historicity'. Now the analysis of relationships is being done on the basis of map also. Rather, Nepal has started claiming some parts of India nowadays. This is creating a new kind of controversy.

The Prime Minister of Nepal Pushpa Kamal Dahal 'Prachanda' has come to India after thinking and experiencing that Nepal's existence, without India, is half-incomplete and shaky.

After becoming the Prime Minister once again in December last, Prachanda made his first foreign stay in India. This visit of Prachanda is more important than bilateral relations and dialogue, because after becoming the Prime Minister of Nepal for the first time in 2008, Prachanda's priority was towards China. Perhaps because of being a communist, his thinking was China-centric, but since then till today the equation of India-Nepal-China has completely changed. There is bitterness in the relations between India and China. There is tension. In 2020, the conflict has increased further after the Galvan Valley conflict in Ladakh. Thousands of soldiers from both sides are stationed in front of each other at long intervals.

China is not desisting from intrusion and encroachment. Nepal continues to feel that it is caught between two giant and powerful neighbors. Another equation is creating new difficulties and complications. Nepal is emerging as a new 'strategic battleground' between the US and China. America has given a grant of 500 million dollars to Nepal, but now China is increasing the pressure to complete the projects for which Nepal has signed agreements with China under the 'Belt and Road Initiative' etc.

Nepal cannot ignore this, as its geographical location is such that maintaining good and smooth relations with Delhi and Beijing is a compulsion of Kathmandu. Prime Minister Prachanda has come to India in view of all these circumstances. During this stay, both the countries have signed seven important agreements.

Undoubtedly, Nepal is India's brother-in-law, so since 1950, India-Nepal Friendship and Peace Treaty is the basis of relations between the two sides, but India is cautious in view of some decisions and strategy. Prime Minister Modi visited Nepal in 2014 only three months after taking office. The relations of goodwill that India had established during that first foreign stay were completely overturned by the blockade of Nepal in 2015, so India is being extra cautious this time.

Nepal had a strong desire that India should import more electricity than that, so it has been decided that India will import 10,000 MW of electricity from Nepal. New rail links will be built between India and Nepal. Training will also be given to Nepalese railwaymen in Indian Railways institutes. Keeping in view the effect of Motihari pipeline, it has been decided to extend it till Chitwan.

Another pipeline will be laid from Siliguri to Eastern Nepal. India has been meeting Nepal's gas and petrol needs. Buses keep plying between the two countries, but caution has to be exercised in 'friendship' because Nepal's knees turn very fast towards China as well.

# World Bicycle Day: Cycle promotes mission life, also helpful in environmental protection

In the current race for technology-based vehicles, simple bicycles can once again become a major means of transportation and protection of the environment. Individual efforts of citizens have an important role in environmental protection. To encourage this citizen-centric environmental protection, Prime Minister Narendra Modi has started a very important campaign, Mission Life. Its mission document makes it clear that citizens should 'use bicycles for local and short distances'. The bicycle is the most environmentally friendly mode of transport. Bicycles help a large population of India, especially the economically weaker sections, to reach daily chores. According to the 2011 census, about 15 million urban Indians use bicycles as a daily means of commuting to and from work. This number representing urban India is more than the total population of any single country like Greece, Belgium and Portugal. The use of bicycle for commuting is even more in rural India. According to the National Family Health Survey-5, 2020, 55 per cent of rural and urban households in India own a bicycle. With the increase in the number of motor vehicles, income of people and long distance travel, the use of bicycle has declined. Various studies and experts consider the 'risk of road accidents' as a major concern hindering the use of bicycles in the country. The question then arises, what can governments do to engage the existing cycling population and encourage the use of cycles among others? For this, the following efforts can be made for each of the three phases of behavior change given in Mission Life - change in demand, change in supply and change in policies: Should be promoted. Government offices, corporates and educational institutions can play an important role by taking the initiative of commuting by cycle once or twice a week, preferably for distances up to five km. Change in supply: Cities must implement small changes rapidly in infrastructure to protect cyclists. This can be done through innovations such as Bangalore's pop-up cycle lanes and Mysore's public bike-sharing scheme. Congested areas, historical heritage sites, eco-sensitive areas and educational institutions should focus on making 'pedestrian and cycle only' roads. Policy change: All cities should create a comprehensive network of infrastructure for cycling. For this, steps like formulation of city level action plans, development of appropriate technical capacity and assigning responsibility to various institutions for creating infrastructure can be taken. However, mobilizing long-term financial resources for infrastructure development and maintenance will be the most important task at this stage. For this, a society like KNMTA can be formed on the lines of Karnataka. In the current race for technology-based modes of transport, simple two-tyre bicycles will once again emerge as a major means of public transport and protection of the environment.

# Vector Borne Diseases: Extensive efforts needed for prevention and management, boost will have to be given to the entomology sector

In 2014, the World Health Organization had kept the theme of World Health Day that year on vector-borne diseases to attract the attention of the whole world to this issue. Then many countries showed commitment for the prevention and control of these diseases, the benefits of which also showed. However, there is still work to be done in this direction. The complete eradication of these diseases requires the expertise of a medical entomologist. Malaria, dengue, kala-azar and lymphatic filariasis affect the lives of hundreds of millions of families in India. According to World Health Organization (WHO) projections, India will account for 79% of malaria cases and 83% of deaths in the South East Asia region in 2021. Between January and October 2022, more than one lakh dengue cases were reported in India. Neglected Tropical Diseases – The Southeast Asia region accounts for 54% of the global burden of Neglected Tropical Diseases (NTDs). These areas are targeted to eliminate Lymphatic Filariasis (LF) and Kala Azar. Lymphatic filariasis is a chronic and debilitating disease. The disease has spread to 328 districts in 21 states and union territories of India. Kala Azar or Visceral Leishmaniasis is a deadly disease affecting some of the underprivileged sections of the world. Menace of vector borne diseases- One thing that is common in these diseases is that all these diseases are spread by vectors. Vector means the animal or insect that spreads the pathogen from one place to another. India's geographical and monsoon pattern contributes to the spread of vector-borne diseases. For example, many species of mosquitoes are found in India. These diseases mainly spread because of these mosquitoes. To combat these disease-carrying insects, scientists have developed solutions such as insecticides, long-lasting insecticidal nets (LLINs) and larvicides. However, due to pesticide resistance and climate change, these solutions, which have worked well in the past, are no longer effective. The damage caused by these diseases is very frightening. Due to suffering from these diseases, a person also becomes sensitive to many diseases, he gets incapacitated, there is a decrease in productivity. Due to the treatment of these diseases, he also becomes financially weak. Even such diseases can be fatal for the person. It is imperative that we aim to eliminate these diseases and one of the best and cheapest ways to address the biggest challenges in controlling insect-borne diseases is to survey and correlate insect populations. Improve scientific capacity to find solutions to eliminate the ability of pests to spread disease. The branch of science concerned with the control of vector insects is known as "Entomology". India has a long and rich tradition of entomology, dating back to the early 20th century. Significantly, India was at the forefront of the fight against malaria in the 1950s and 60s by implementing DDT-based indoor residual spraying (IRS) programs. Entomology sector needs to be given a boost- The acute shortage of medical entomologists means that strategies to monitor and test disease-causing insects and control their resulting impacts have been neglected over the past few decades. Gaps in entomologist capacity building also mean that those interested in entomological research are not equipped with the tools and information needed to protect society from vector-borne disease threats. In controlling diseases spread by insects, it is necessary to increase the capacity to counter the threats. In addition, it is also important that we invest more in building entomological capacity and expertise. By training more biologists in entomology, increasing research funding and establishing a network of disease monitoring systems and insecticide resistance, we aim to create a well-equipped ecosystem for training and research at the national and sub-national levels in India.



Can prepare. In 2014, the World Health Organization had kept the theme of World Health Day that year on vector-borne diseases to attract the attention of the whole world to this issue. Then many countries showed commitment for the prevention and control of these diseases, the benefits of which also showed. However, there is still work to be done in this direction. The complete eradication of these diseases requires the expertise of a medical entomologist. Entomologists can use an evidence-based approach to control vector-borne diseases and ensure that we contribute to the solution of these diseases with the resources we have. Integrated vector management is a holistic approach to eliminate vector-borne diseases by creating a specific environment that includes multiple prevention interventions. Efforts are necessary to stop the pest population- To achieve the WHO target of eliminating neglected tropical diseases (NTDs) by 2030,It is important to have an understanding of the speed of spread. Measures such as Integrated Vector Management can reduce vector populations, reducing human exposure to these pests and thus preventing the spread of disease. Apart from this, one way to prevent the population of insects from increasing can be to ensure that water is not allowed to stagnate anywhere and if there is stagnant water, spraying of insecticides should be done in it so that the means of breeding of insects is destroyed. Significantly, due to the Kovid-19 epidemic, there has been a huge burden on the government health infrastructure of the country. In the last few years, there has been an increase in diseases caused by insects. To make up for lost time and secure the health of the maximum population across the country, we need to ensure that maximum investment is made in building India's entomological capacity. By prioritizing and investing in education, research and development, we can develop new solutions to address specific challenges. This can lead to prevention against these diseases in South East Asia and India can become a leading country in vector elimination innovation in this direction. By equipping a new generation of entomologists with state-of-the-art technology, equipment and expertise, we can help rid India of insect-borne diseases. Eliminating deadly insect-borne diseases in India requires sustained and concerted efforts from all stakeholders – government, communities, researchers and industry. By building our entomological capacity, investing in research and innovation, and working together, we can create a healthier future for all of us.

# अधिकारी डिफाल्टर न बनें, आई0जी0आर0एस0 की शिकायतों की नियमित मानीटरिंग करें-जिलाधिकारी



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। जिलाधिकारी ने विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि यदि शासन से लक्ष्य प्राप्त नही हुए है तो पूर्व वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को मानते हुए विकास कार्यो को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वय करें, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (jansunwai.up.nic.in) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये।

राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील ठाकुरद्वारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगभग 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में मुख्य रुप से आपसी भूमि विवाद की कृषि संबंधी शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त होने के साथ विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतों प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा अजय कुमार गौतम, तहसीलदार ठाकुरद्वारा रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बोर्ड बैठक की राह देख रहे निर्वाचित पार्षद, सदन में बदला रहेगा नजारा

मुरादाबाद-भाजपा के बहुमत वाले बोर्ड में सपा के बजाय कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाएगी महापौर को अपने राजनीतिक कौशल से विकास कार्यों और महत्वपूर्ण प्रस्तावों को कराना होगा स्वीकृत, जीत का अंतर कम होने से महापौर के सामने भी दमदारी साबित करने की चुनौती नगर निगम चुनाव के बाद निर्वाचित पार्षदों को अब शपथ ग्रहण के बाद बोर्ड बैठक का इंतजार है। वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द बैठक हो और उन्हें अपने वार्ड में विकास कार्य कराने के प्रस्ताव देने का अवसर मिले। वहीं इस बार सदन में नजारा बदला दिखेगा। पिछली बार भी बोर्ड में बहुमत भाजपा का था, लेकिन मुख्य विपक्ष की भूमिका में इस बार सपा की बजाय कांग्रेस रहेगी। तीसरी बार महापौर बने भाजपा के विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में 26 मई को शपथ ग्रहण कार्यक्रम पंचायत भवन सभागार में हुआ।




इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, जिले के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। शपथ ग्रहण के बाद अब नवनिर्वाचित पार्षदों को बोर्ड की पहली बैठक का शिद्दत से इंतजार है। जो पहली बार चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे हैं वह इसका अनुभव लेने को आतुर हैं। हालांकि इस बार सदन में पिछली बार की तरह स्थिति नहीं रहेगी। भाजपा के बहुमत वाली बोर्ड में इस बार मुख्य विपक्ष की भूमिका कांग्रेस निभाएगी। क्योंकि पिछली बार सपा के 16 पार्षद जीते थे जिससे वह दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में होने के चलते सदन में मुख्य विपक्ष की भूमिका में थी। लेकिन, इस बार के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों ने कड़ी टक्कर देते हुए 22 सीटें जीती हैं। हालांकि कांग्रेस नेताओं का दावा है कि उनके 23 पार्षद जीते हैं। ऐसे में दूसरा सबसे बड़ा दल होने के चलते मुख्य विपक्षी का दायित्व कांग्रेस के पार्षद निभाएंगे। इसको देखते हुए कांग्रेसी पार्षदों ने पिछले दिनों बैठक कर अनुभव मेहरोत्रा को कांग्रेस पार्षद दल का नेता भी चुन लिया है। ऐसे में अनुभव इस बार नेता विपक्ष के रूप में तेवर दिखाएंगे। महापौर विनोद अग्रवाल ने भले ही जीत की हैट्रिक लगाई है, लेकिन जीत का अंतर पिछले बार से काफी कम होकर महज 1500 वोट पर सिमटने से उनके रुतबे पर असर पड़ा है। ऐसे में इस बार सदन में अपनी दमदारी साबित करने की चुनौती भी उनके सामने होगी। महापौर को अपने राजनीतिक कौशल से विकास कार्यों और महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृत कराकर स्मार्ट सिटी की सार्थकता साबित करनी होगी। स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं के नाम पर लूट मची है। जनता परेशान है। बुध बाजार में अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। सीवरेज लाइन खोदकर शहर को गड्ढे में तब्दील कर छोड़ दिया गया है। जगह-जगह पेयजल पाइप लाइन टूटने से गर्मी में जनता पानी के लिए तरस रही है। पहली बोर्ड बैठक में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।-अनुभव मेहरोत्रा, नेता, कांग्रेस पार्षद दल







# अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी, ध्वस्त किया अवैध निर्माण



मुरादाबाद- नगर निगम की टीम ने शनिवार को गागन तिराहे पर ऑटोस्टैंड के पास किए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम गागन क्षेत्र में पहुंची। वहां पर आटो स्टैंड पर दुकानदार लगाकर किए अवैध निर्माण के साथ ही स्टैंड के नाम पर की गई निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया। अतिक्रमण करने वालों को दोबारा ऐसा करने पर कड़ी कारवाई की चेतावनी दी। कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि चिह्नित अतिक्रमण हटाने की कारवाई की गई है। जल्द ही अन्य क्षेत्रों में चिह्नित अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया जाएगा। गागन नदी के किनारे क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाते नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार व अन्य।

# स्कूल के लिए घर से निकली छात्रा लापता, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद-छात्रा की मां ने गांव के ही दो सगे भाइयों पर लगाया छात्रा के अपहरण का आरोप कटघर थाना क्षेत्र में घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता हो गई। छात्रा की मां ने गांव के ही दो सगे भाइयों पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र के देहरी गांव इलाके में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी 30 मई की सुबह लगभग एक बजे स्कूल के लिए निकली थी। उसके बाद से वापस नहीं लौटी। महिला के अनुसार मोहल्ले में ही रहने वाले राहुल यादव और उसके भाई राज यादव ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा किया है। महिला ने आशंका जताई है कि आरोपी बेटी के साथ अनहोनी कर सकते हैं। इस संबंध में एसएचओ कटघर राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

मुरादाबाद-विवाहिता की तहरीर पर पति और ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट मझोला थाना क्षेत्र में दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग के चलते पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर पति और ससुराल वालों ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपी पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी निवासी प्रियंका की शादी दो साल पहले मझोला थाना क्षेत्र की बसंत विहार कॉलोनी निवासी आकाश से हुई थी। मझोला पुलिस को दी गई

तहरीर में विवाहिता ने बताया की उसके पति का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसके कारण उसका पति आए दिन मारपीट करता है और कहता है कि तेरे साथ मेरी शादी घर वालों की मर्जी से हुई हैं। जबकि मैं किसी और लड़की से प्यार करता हूं और बहुत जल्द उससे शादी करने वाला हूं। इसलिए मैं तुझे अपने घर में नहीं रखूंगा। कई बार पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट भी की। इतना ही नहीं जब वह विरोध करती है तो ससुराल वाले भी पति का पक्ष लेते हैं। विवाहिता ने बताया की बीती 29 मई की सुबह पति आकाश, ससुर, सांस, देवर व ननद ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह से वहां से अपनी जान बचाकर भागी और अपनी बहन के घर पहुंची। पीड़िता की तहरीर पर मझोला पुलिस ने आरोपी पति आकाश, ससुर नन्हे सिंह, सास रामेश्वरी देवी, देवर अमनदीप और ननद सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर पहुंच गया है। वर्तमान में भारत ने जर्मनी को पछाड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा दिया है। ये बातें शुक्रवार को माया पैलेस हाल में आयोजित भाजपा के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा नेता एवं केन्द्रीय मंत्री हरप्रीत ग्रेवाल ने व्यक्त किए। राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं मंत्री ने कहा कि विश्व में जहां प्रधानमंत्री देश की छवि को बेहतर बनाने का कार्य कर रहे हैं। आज उनकी विश्व में विकास, बेहतर सोच रखने वाले प्रधानमंत्री की छबि है। दूसरी ओर कांग्रेस के राहुल गांधी विदेशी धरती पर देश की छबि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब, उत्तर प्रदेश के विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक परिवार वाली सरकार में परिवार का ही विकास होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से माफिया के विरुद्ध अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस नीति के पंजाब में भी चर्चे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री केपी मलिक, सांसद राजवीर सिंह राजू, जनपद प्रभारी नागेन्द्र सिकरवार, निवर्तमान ब्रजप्रांत अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, कासगंज जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, एटा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह, अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, एमएलसी आशीष यादव, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, सुशील गुप्ता, पंकज चौहान, राकेश आरटीओ एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

पंजाब में भी एक परिवार की रही सरकारें- एटा। राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं केन्द्रीय मंत्री हरप्रीती ग्रेवाल ने कहा कि पंजाब में भी परिवारवादी सरकारें रही हैं। जिसमें अकाली दल सरकार में एक ही परिवार के लोगों को बढावा मिला। आप सरकार में 26 परिवार को शामिल किया गया है। तीन कृषि कानून लागू न होने से नहीं हुई आय दोगुनी- एटा। राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं केन्द्रीय मंत्री हरप्रीती ग्रेवाल ने कहा कि देश में किसानों की आय अभी तक दोगुनी नहीं हो सकी है। उसके लिए प्रयास लगातार जारी है। आने वाले समय में किसानों की आय दोगुनी होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए तीन कृषि कानून लाये थे। उनके लागू न होने से आय दोगुनी नहीं हो सकी है। उत्तर प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था की पंजाब में हो रही चर्चा , विदेशी धरती पर देश की छबि खराब कर रहे राहुल गांधी , चुनाव में जनता देगी करारा जवाब

# गोशाला का किया निरीक्षण ,इसे देख सीडीओ हुए नाराज

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आजम नगर गोशाला का हाल देखने सीडीओ पहुंच गए। गोवंशों को हरा चारा और रातव ना मिलने से बीमार कुपोषित होकर मर रहे गोवंशों की स्थिति देखी। बीते दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत आजम नगर स्थित गोशाला में कुपोषण से ग्रस्त दो गोवंशों की मौत हो गई। साथ ही अन्य कई गोवंश बीमार हालत में पाए गए। गोशाला में गोवंशों की इस दयनीय स्थिति को हिन्दुस्तान ने दो जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। शुक्रवार को सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार वाजपेयी सीवीओ डॉ. अनिल कुमार सिंह के साथ गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। तीन गोवंश बीमारी की हालत में पाए गए। इसे देख सीडीओ नाराजगी जताते हुए सीवीओ को बीमार गोवंशों का तत्काल इलाज कराने के निर्देश दिए। सीवीओ ने बीमार गोवंशों का इलाज शुरू कराया। इस दौरान मौजूद अलीगंज बीडीओ दिनेश शर्मा, ग्राम प्रधान संतोष कुमार और सचिव मनोज कुमार को गोशाला में सभी व्यवस्था बेहतर कराने के साथ तत्काल हरा चारा मुहैया कराने के निर्देश दिए। सीडीओ के निर्देश पर एक ट्रॉली भर कर तैयार हरा चारा उपलब्ध करा गया।

## गाय से अलग कराए जाएगे सांड

एटा- सीवीओ डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आजम नगर गोशाला के सभी सांडों को अलीगंज की कान्हा गोशाला में पहुंचवाया जाएगा। वहीं कान्हा गोशाला की गायों को आजम नगर गोशाला में शिफ्ट कराया जाएगा, जिससे सांड की वजह से गाय की मौत पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में गाय और सांड एक साथ रहने से आए दिन सांड गायों को घायल कर देते हैं। कभी-कभी गंभीर चोट लगने से गाय की मौत भी हो जाती है। इसके चलते गाय और सांड को अलग-अलग रखने की व्यवस्था की जा रही है।

# कलेक्टर बार एसोसिएशन एटा के वार्षिक चुनाव का रण

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कलेक्टर बार एसोसिएशन एटा के वार्षिक चुनाव का रण बस अब सज ही चुका है। चुनावी रण में उतरने वाले सभी महारथियों ने अपना अपना शंखनाद करना प्रारंभ कर दिया है। 2023-2024 के लिए होने वाले कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में संयुक्त सचिव पद के लिए युवा अधिवक्ता नितिन चंद्रेश शर्मा भी इस चुनावी समर मैं प्रत्याशी हैं। एडवोकेट नितिन चंद्रेश शर्मा 2019 कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी मे जूनियर गवर्निंग काउंसिल रह चुके है। उस कार्यकारिणी का कार्यकाल 2 वर्ष 2019-2021 का रहा था। एड0 शर्मा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के समक्ष निरंतर युवा अधिवक्ताओं के हक व अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहते हैं। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में संयुक्त सचिव प्रत्याशी के रूप मे फिलहाल नितिन चंद्रेश शर्मा को अधिवक्ताओ का पूर्ण सहयोग व समर्थन मिल रहा है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ऑटो रिक्शा को लेकर फुर्र हुए अज्ञात चोर ,सीसीटीवी में कैद हुई घटना

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मारहरा। शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ऑटो रिक्शा पर हाथ साफ कर लिया। सुबह ऑटो न मिलने पर ऑटो मालिक के होश उड़ गये।पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। मोहल्ला कायस्थान निवासी धर्मेंद्र पुत्र कालीचरन ने बताया कि उसका एक ऑटो रिक्शा है जिसका न0 श्न 82 ञ्च 9913 है। जिसे वह स्वयं चलाता है और उससे अपने घर का खर्च चलाता था। रोज की भांति शाम को उसने अपना ऑटो रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर दिया। देर रात करीब 11 बजे अज्ञात चोर ऑटो रिक्शा लेकर फरार हो गए। जब सुबह ऑटो को गायब देखा तो उसके होश उड़ गए।यह पूरी घटना समीप के ही एक घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमे दो युवक ऑटो को धक्का मारकर ले जा रहे हैं। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।जिसके आधार पर पुलिस अपनी जांच कर रही है।

# साक्षी मर्डर केस को लेकर मारहरा में निकाला कैंडल मार्च



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

